दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 05 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

---

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र अट्ठाईस फरवरी से अट्ठाईस मार्च तक चलेगा। इस दौरान कुल उन्नीस बैठकें होंगी। राज्य मंत्रिमंडल ने विधानमंडल के बजट सत्र की तिथि पर मुहर लगा दी है। बजट सत्र के पहले दिन अट्ठाईस फरवरी को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। इसी दिन आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जायेगा। उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी तीन मार्च को वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का बजट पेश करेंगे।

———————————————————

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बेगूसराय में कहा कि केंद्र सरकार ने सोलह लाख से इकावन लाख करोड़ की बजट ले जाने का काम किया है, तो वहीं बारह लाख रुपए तक के टैक्स में छूट भी दी है। साथ ही बिहार के विकास के लिए कई योजनाओं की सौगात दी गयी है। मखाना बोर्ड का गठन और फूड प्रोसेसिंग यूनिट देने की बात कही गयी है। दिल्ली में हो रहे विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि केजरीवाल चुनाव हार रहे हैं। विपक्ष के नेता राहुल गांधी को हमेशा मेक इन इंडिया फेल ही दिखता है। आज भारत का एक्सपोर्ट उन्नीस लाख करोड़ से बढकर नब्बे लाख करोड़ का हो गया है। आज बिहार लालटेन युग से निकल कर पूर्ण विद्युतीकरण के युग में प्रवेश कर चुका है।

———————————————————

संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज पटना में हैं। श्री गांधी ने पटना में जगलाल चौधरी की जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि तेलंगाना के तर्ज पर बिहार में भी जातीय जनगणना होनी चाहिए। जिससे पता चल सकेगा कि किस जाति की कितनी आबादी है। उन्होंने कहा कि हम हिन्दुस्तान के सारे संस्थानों की लिस्ट निकालेंगे, ताकि असलियत में दलितों और ओबीसी की भागीदारी का पता चल सके। श्री गांधी ने कहा कि दलितों को शिक्षा, स्वास्थ्य और दूसरे संस्थानों में प्रतिनिधित्व दिया गया है। लेकिन पावर स्ट्रक्चर में भागीदारी नहीं होने पर इसका कोई

मतलब नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जातीय जनगणना नहीं कराना चाहती है, लेकिन मैं दलित, ओबीसी और आदिवासी को उनकी भागीदारी दिलाना चाहता हूँ।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रयागराज के महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। एक सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि संगम पर स्नान करना एक दिव्य जुड़ाव का क्षण है। उन्होंने कहा कि इसमें भाग लेने वाले करोड़ों अन्य लोगों की तरह वे भी भक्ति की भावना से भर गए। श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि मां गंगा देशवासियों को शांति, ज्ञान, अच्छे स्वास्थ्य और सद्भाव का आशीर्वाद देंगी।

———————————————————

पूर्व मध्य रेलवे की ओर से महाकुम्भ में शामिल हो रहे श्रद्धालुओं के लिए कल से सोलह कुम्भ मेला विशेष ट्रेन चलायी जायेगी। पूर्व मध्य रेलवे के जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि इसके तहत आनंद विहार–पटना, नागपुर–दानापुर, रांची–टूंडला और भुवनेश्वर–टूंडला के बीच अलग–अलग तिथियों पर विशेष ट्रेन चलायी जायेंगी।

———————————————————

मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के न्यूनतम तापमान में एक दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है, जबकि अगले दो दिनों में राज्य के न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट का पूर्वानुमान है। राज्य के उत्तरी भागों के ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि में कुहासे छाये रहने की संभावना है। आज पश्चिम चंपारण का मोतिहारी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान सात दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

———————————————————

उत्तराखंड के देहरादून राजीव गांधी इंटरनेशल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित अड़तीसवें राष्ट्रीय तीरंदाजी खेल विधा में आज बिहार की अंशिका कुमारी ने झारखंड की कमौलिका बारी, यूथ वर्ल्ड चैंपियन और जूनियर वर्ल्ड चैंपियन को छह–पांच से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल मैच आगामी छह फरवरी को अपराह्न दो

बजकर तीस मिनट पर दीपिका कुमारी अर्जुन अवॉर्डी एवं पदमश्री अवार्ड से सम्मानित ओलंपियन के साथ होगा।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।